कुलसचिव

Registrar

माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर

Maa Vindhyavasini University, Mirzapur

Email- registrarmvsuniversity@gmail.com

पत्रांक– माँ वि0वि0/कु0स0का/181 /योग कार्यक्रम/2025–26 दिनांक– 04 जून, 2025

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य,
सम्बद्ध महाविद्यालय (जनपद– मीरजापुर, सोनभद्र एवं भदोही)
माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय,
मीरजापुर।

विषयः–अन्तराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी के पत्र संख्या–ई–3070/32 जी0एस0/2025 दिनांकः 15 मई, 2025 में दिये गये निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में आगामी अन्तराष्ट्रीय योग दिवस को अधिक प्रभावी एवं आकर्षक बनाने के लिए दिनांक 20 मई, से 21 जून, 2025 तक 10 प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है।

उपर्युक्त के क्रम में मा0 कुलपति जी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों को निम्नानुसार कार्यक्रम सम्पादित की जानी है–

क्रमांक	कार्यक्रम का नाम	प्रस्तावित तिथियाँ
1.	**विरासत के विकासः योग की भूमिका–** इस विषय पर एक विचारोत्तेजक परिचर्चा का आयोजन किया जा सकता है, जिसमें विषय विशेषज्ञ योग के प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विकास में इसकी भूमिका में प्रकाश डालेंगे।	05 जून से 15 जून, 2025 तक
2.	**एक साथ योगः संकल्प और सामूहिकता का प्रतीक–** महाविद्यालय परिसर में भव्य योग प्रदर्शन का आयोजन किया जाय, जिसमें एक दिन में कम से कम 50,000 प्रतिभागी एक योगाभ्यास करें, जो एकता और स्वास्थ्य जीवनशैली के प्रति सामूहिक संकल्प का प्रतीक बनेगा।	दिनांक 21 जून, 2025
3.	**अन्तराष्ट्रीय योग संगोष्ठीः ज्ञान और अनुभव का संगम–** एक अन्तराष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी का आयोजन किया जाय, जिसमें देश–विदेश के योग विशेषज्ञ, शोधकर्ता और प्रशिक्षक अपने ज्ञान और अनुभवों को साझा करें।	05 जून से 15 जून, 2025 तक
4.	**योग साहित्यः ज्ञान का अक्षय भंडार (योग पर पुस्तक प्रकाशन)–** योग के विभिन्न पहलुओं पर उच्च गुणवत्ता वाली पुस्तकों का प्रकाशन किया जाय, जो न केवल विश्वविद्यालय समुदाय यद्यपि व्यापक समाज के लिए भी ज्ञान का स्रोत बने	21 जून, 2025
5.	**योग मैराथनः स्वस्थ समाज की ओर बढ़ते कदम–** समाज के सभी वर्गों को एक साथ जोड़ने के लिए एक उर्जावान योग मैराथन का आयोजन किया जाय, जो स्वास्थ्य और सामुदायिक भावना को बढ़ावा दें।	15 जून से 20 जून, 2025 के मध्य
6.	**सामूहिक सूर्य नमस्कारः उर्जा और एकाग्रता का अनुभव–** महाविद्यालय में एक साथ सामूहिक सूय नमस्कार का आयोजन किया जाय, जिससे विद्यार्थियों में उर्जा का संचार हो और एकाग्रता में बृद्धि हो।	15 जून से 20 जून, 2025 तक

.....2

7.	**रोग निवारण में योगः वैज्ञानिक शोध एवं निष्कर्ष–** विभिन्न रोगों पर योग के समकारात्मक प्रभावों पर वैज्ञानिक शोध और शोध पत्रों को प्रोत्साहित किया जाए और उनके निष्कर्षों को सार्वजनिक किया जाए।	05 जून से 20 जून, 2025 तक
8	**प्रकृति का महत्वः एक ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी (पेड़ की उपयोगिता पर प्रदर्शनी)–** पेड़ों की उपयोगिता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को दर्शाने वाली एक जानकारी	05 जून से 20 जून, 2025 तक

उक्त कार्यक्रम दिनांकः 05 जून, 2025 से प्रारम्भ होगा एवं उक्त समस्त दस कार्यक्रम सभी महाविद्यालयों के लिये कराना अनिवार्य है। अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में निर्धारित उक्त समस्त कार्यक्रम आयोजित करते हुए, कार्यक्रम का तिथिवार फोटोग्राफ एवं विवरण अधोहस्ताक्षरी को 21 जून, 2025 तक अवश्य उपलब्ध करायेंगे।

भवदीय,

(राम नारायण)
कुलसचिव

प्रतिलिपि –

1. मा0 कुलपति जी को सादर सूचनार्थ।
2. वित्त अधिकारी।
3. उप कुलसचिव।

कुलसचिव